# महिला की बेरहमी से हत्या, धड़ से अलग हुआ सिर

## घर में अकेली रहती थी महिला, जांच में जुटी पुलिस





**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 मार्च, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोही गांव में महिला की सिर कटी लाश मिलने के बाद हडकम्प मच गया. वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू की.**

मृत महिला के धड़ से सिर गायब था. काफी खोजबीन के बाद थोड़ी दूर एक खेत पर सिर पड़ा मिला. महिला की हत्या किसने की है और किस इरादे से की है यह महज एक पहेली बना हुआ है. मौके पर पहुंची पुलिस नें फारेंसिक टीम के साथ मिलकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और फिर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये अस्पताल भेज दिया है और अब परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूंछताछ कर घटना की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है. हत्या का यह मामला रीवा शहर के बिछिया थाना क्षेत्र लोही गांव का है जहां घर में अकेले रहने वाली महिला लीलावती पटेल की हत्या के बाद उसके शरीर को दो टुकडों में बांटकर धड़ के एक हिस्से को घर के पीछे ही छिपा दिया गया था जबकि सिर को कुछ दूर पर स्थित खेत मे फेक दिया गया था. पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक महिला लीलावती पटेल गांव में बने मकान में अकेले ही निवासरत थी जबकि उसकी एक पुत्री है जो अपने ससुराल में थी. मृतका की पुत्री नें बताया की उसकी मां घर में अकेले रहती थी, उसे घटना की जानकारी मां के पड़ोस में रहने वाले लोगों ने दी है. पुत्री नें फिलहाल मां की हत्या पर पूरी तरह से अनभिज्ञता जाहिर की है और और किसी पर संदेह भी नहीं जताया है.

### घटना स्थल पर पहुंचे एसपी

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चैहान घटनास्थल जा पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर हत्या की गुत्थी को जल्द से जल्द सुझलाने के लिये निर्देश दिए है . एसपी ने बताया कि 50 वर्षीय महिला की घर के पीछे सिर कटी लाश मिली है जबकि महिला के धड़ से गायब सिर की तलाश अभी जारी है .एसपी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के बाद घटना स्पष्ट हो सकेगी की हत्या से पहले महिला के साथ और क्या क्या हुआ था फिलहाल घटना से जुडे सभी पहलुओं की जांच की जा रही है जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा .



# बड़ी उपलब्धि, रामपुर नैकिन, चुरहट सेक्शन में पहली ट्रेन पहुंची

## ट्रैक कार्य पूर्ण, विद्युतीकरण तेजी से जारी

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 30 मार्च. रीवा-सीधी रेल परियोजना के अंतर्गत रामपुर नैकिनङ्कचुरहट रेलखंड पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।**

उप मुख्य अभियंता निर्माण सीधी अभिलाष मीना एवं घमंडी लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 25 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड पर ट्रैक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सेक्शन पर आज पहली बार डीजल इंजन के साथ लोडेड ट्रेन सफलतापूर्वक पहुंची, जो परियोजना की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके साथ ही रेलखंड पर विद्युतीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे आगामी समय में रेल संचालन और अधिक सुगम एवं आधुनिक होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस उपलब्धि से सीधी जिला मुख्यालय को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा है, जिससे क्षेत्र के विकास, आवागमन एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने इस सफलता के लिए जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के प्रभावी समर्थन से कार्य समय पर पूर्ण किया जा सका।

# जेसीबी की टक्कर से बेटे की मौत, मां गंभीर

## एनएच -39 की घटना, सिंगरौली में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 30 मार्च। सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के बरगवां थाना स्थित गोंदवाली मुख्य मार्ग में बीती देर रात एक जेसीबी के टक्कर से बाईक सवार मॉ-बेटा घायल हो गये थे, जहां जिला मुख्यालय बैढ़न के सिंगरौली निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।**

महिला का इलाज चल रहा है। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना के बाद गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने गोदवाली गांव के एनएच-39 में सड़क जामकर आवागमन बाधित कर दिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेमुआर निवासी संदीप बैस अपनी मॉ को मोटरसाइकिल से लेकर घर की ओर रात में आ रहे थे कि जेसीबी मशीन वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 0198 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुये तेजी से गोदवाली में ही टक्कर मार दिया। जिसमें संदीप कुमार बैस उम्र 25 वर्ष एवं फूलमती बैस उम्र 48 गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों सड़क पर बेहोसी हालत में गिरे पड़े थे। किसी राहगीर ने संदीप की मोबाईल से फोन लगाकर जानकारी दी, जहां परिजन घटनास्थल पहुंच दोनों घायल मॉ-बेटे को उपचार के लिए बैढ़न निजी अस्पताल में लाया गया। उपचार के दौरान आज दिन सोमवार की सुबह संदीप की मौत हो गई।

### इनका कहना है

मृतक के आश्रित को कंपनी एवं ट्रांसपोर्टर के द्वारा 4 लाख रूपये की त्वरित सहायता राशि मुहैया कराई गई है और शासन के नियमानुसार अन्य योजनाओं से भी प्रावधान के तहत सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी।

**शिवपूजन मिश्रा**
प्रभारी थाना, बरगवां

### चार घंटे ठप रहा नेशन हाईवे का आवागमन

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने आज दिन सोमवार की दोपहर गोदवाली में नेशनल हाईवे एनएच-39 पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। तहसीलदार और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए और मामले की जांच जारी है। प्रशासन द्वारा मुआवजे और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। पुलिस ने कहा है कि हादसे में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रवेशोत्सव के साथ 4 तक चलेगा अभियान

**नवभारत न्यूज**
**सतना 30 मार्च. नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ जिले में 01 से 04 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान संचालित किया जाएगा।**

अभियान के तहत 01 अप्रैल को सभी विद्यालयों एवं जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान भी किया जाएगा तथा शाला से बाहर रहे बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। 02 अप्रैल को पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर उनका विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाया जाएगा। इस दौरान शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के पुन: प्रवेश के प्रयास किए जाएंगे। 04 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध एवं प्रेरक व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

# रबी उपार्जन के लिए जिले में 5 केंद्र स्थापित

**सतना 30 मार्च.** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि चना एवं मसूर उपार्जन के लिए जिले में कुल 5 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें कोठी के कृषकों के लिए उपार्जन केंद्र गैवीनाथ सहकारी समिति मझगवां उपार्जन स्थल कृषि उपज मंडी सतना में बनाया गया है। तहसील मझगवां एवं बिरसिंहपुर के कृषकों के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित मझगवां उपार्जन केंद्र उपार्जन स्थल कृषि उपज उप मंडी मझगवां, तहसील उचेहरा हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित उचेहरा उपार्जन स्थल कृषि उपज उपमंडी उचेहरा, तहसील रामपुर बघेलान एवं कोटर के किसानों के लिए रामानुजम विपणन सहकारी समिति रामपुर बघेलान उपार्जन स्थल कृषि उपज उपमंडी रामपुर बघेलान को उपार्जन केंद्र बनाया गया है तथा तहसील नागौद क्षेत्र के किसानों के लिए विपणन सहकारी समिति नागौद उपार्जन स्थल कृषि उपज मंडी नागौद निर्धारित किया गया है।

# संगठन श्रमिकों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील

## औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उपसंचालक ने कहा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 मार्च. औद्योगिक क्षेत्र में संगठित और असंगठित क्षेत्र के कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभाग औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।**

विन्ध्य के छ: जिलों की संभागीय प्रभारी उप संचालक नमिता तिवारी ने बताया कि सिंगरौली क्षेत्र में 17 मार्च को जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जिसमें कार्य के दौरान श्रमिकों के साथ बरती जाने वाली सुरक्षा की विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रवास के दौरान सिंगरौली कलेक्टर के साथ बैठक करके उन्होंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों के साथ किसी प्रकार का सुरक्षा संबंधी मामलों को लेकर अनदेखी न की जाय। उन्होंने बताया कि श्रमिकों की सुरक्षा के लिए गठित जोनल सेफ्टी कमेटी की बैठक में क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रबंधन और श्रमिकों की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है। उप संचालक ने यह भी बताया विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ श्रमिकों की समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहा है।



# नौकरी के नाम पर 23 लाख की ठगी, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## 31 लोगों को बनाया शिकार

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 30 मार्च। बरगवां थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ने 31 लोगों से करीब 23 लाख 25 हजार रुपये ऐंठे थे।**

पुलिस के अनुसार बड़ोखर निवासी साहेबलाल बैस पिता लालबहादुर बैस उम्र 20 वर्ष ने लोगों को कलिंगा कंपनी खड़िया में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम वसूलता था। आरोपी अपने साथी सिद्धार्थ सिंह के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से ठगी को अंजाम देता था। इस संबंध में थाना बरगवां में पीड़ित अंकित विश्वकर्मा की तहरीर पर बरगवां निरीक्षक मो. समीर ने बीएनएस की धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान मामला सामने आया कि आरोपी खुद को कंपनी से जुड़ा बताकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का भरोसा दिलाता था। इसके बदले वह अलग-अलग लोगों से मोटी रकम वसूलता था। लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। जहां गठित टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को बीते दिन रविवार को गिरफ्तार किया। पूछतांछ में उसने अपना जुर्म कबूल लिया। जिसके बाद आज दिन सोमवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश में जुटी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक, सउनि श्याम बिहारी द्विवेदी, प्रआर अनुप मिश्रा, फूल सिंह, आर शिवराज सिंह तोमर, अरविंद यादव एवं प्रतीक कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत पर मायके पक्ष ने किया हंगामा

- ससुराल पक्ष पर लगाए गए प्रताड़ना के गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 30 मार्च. जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला के परीक्षण के बाद मृत घोषित करने पर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।**

मौके पर पुलिस एवं नायब तहसीलदार के पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद हंगामा समाप्त हुआ और शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिले के सेमरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठार में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हंगामा शुरू हो गया । मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की । प्राप्त जानकारी के अनुसार दिव्या सिंह बघेल पति विजय बहादुर सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कोठार, सेमरिया की तबीयत आज अचानक बिगड़ने के बाद मौत हो गई। बताया गया कि दिव्या सिंह की शादी जुलाई 2024 में विजय बहादुर सिंह के साथ हुई थी। दिव्या मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के हलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुबाव की रहने वाली थीं। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही दिव्या को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों का कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे अपने मायके वालों से खुलकर मोबाइल पर बात करने की भी अनुमति नहीं दी जाती थी। बताया गया कि घटना से एक दिन पहले दिव्या की अपनी मां से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें उसने पेट में तेज दर्द होने की बात कही थी। मायके पक्ष के अनुसार दिव्या ने बताया था कि उसे पिछले दिन से ही दर्द हो रहा था, लेकिन उसे किसी डॉक्टर के पास नहीं ले जाया गया, जबकि कोठार से सेमरिया स्वास्थ्य केंद्र काफी नजदीक है और वहां आसानी से उपचार कराया जा सकता था।



### इनका कहना है

मामले में पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**एकता शुक्ला**, नायब तहसीलदार गोपदबनास

### समय पर नहीं पहुंचाया गया अस्पताल

मायके पक्ष का कहना है कि हालत ज्यादा बिगड़ने के बाद सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे उसे जिला अस्पताल सीधी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता ब्रह्मदेव सिंह गहरवार, भाई राहुल सिंह तथा अन्य परिजन रुद्र देव सिंह और रंजीत सिंह बघेल ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की मौत सामान्य नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मैहर प्रवास में आए शाह ने मां शारदा के दर्शन किए

**नवभारत न्यूज**
**मैहर, 30 मार्च. मध्यप्रदेश के कैबिनेट के जनजातीय मामलों के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मैहर जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ शारदा देवी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।**

इस धार्मिक यात्रा के दौरान स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और अन्य जनप्रतिनिधि भी उनके साथ उपस्थित रहे। श्री शाह के आगमन की किसी प्रकार की कोई अधिकृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी. इस बार उनका मैहर आगमन अचानक हुआ है.



# सीधी पुलिस ने दो दिन में 100 अवैध शराब विक्रेताओं को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 30 मार्च. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, रीवा गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान प्रहार 2.0 के अंतर्गत सीधी पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।**

अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने दबिश देकर अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त 100 व्यक्तियों को पकड़ा है। इन सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 100 पृथक-पृथक मामले दर्ज किए गए हैं। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने कुल 468 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 34 हजार रुपये है।? इस अभियान को सफल बनाने में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित उनके पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

ROHA HOUSING FINANCE — GROW WITH YOUR OWN HOME

कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट संख्या 1117 और 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301।

### मांग सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत उधारकर्ता को सूचना।**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ( आरएचएफपीएल ) से ऋण लेने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता आरएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किश्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी दिशानिदेर्शों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(कों) ने आरएचएफपीएल को अचल संपत्ति/संपत्तियों की सुरक्षा प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऋण का विवरण और उधारकर्ता/कों द्वारा आरएचएफपीएल को आज तक बकाया और देय राशि भी नीचे दी गई है। उधारकर्ता(कों) के साथ-साथ आम जनता को भी सूचित किया जाता है कि आरएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के भीतर अपने नामों के सामने इंगित बकाया राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत सुरक्षित लेनदार को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों से लेन-देन न करें।

| स. क्र. | उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/ऋण खाता संख्या/शाखा का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि | सुरक्षित संपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/संपत्तियों) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | LAN: HLREWASCMP000005012936, शाखाः रीवा 1. पंकज कुमार सेन, 2. प्रिंसू सेन, 3. शिवकलिया सेन दोनों पता 1ः ग्राम सवैचा, पोस्ट सिहावल, मध्य प्रदेश- 486111, भारत)। पता 2 : खसरा नं. 290, ग्राम सवैचा, तह-सिहावल, जिला सीधी MP, मध्य प्रदेश-486111, भारत। | 16.03.2026 और रू. 542476/- 13.03.2026 तक | संपत्ति का वह भाग और हिस्सा संपत्ति का पताः खसरा संख्या 290, ग्राम सवैचा, तह-सिहावल जिला सीधी, मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश- 486111, भारत। |
| 2 | LAN: LAREWALPRS000005018592, शाखाः रीवा 1. पंकज कुमार सेन, 2. प्रिंसू सेन, 3. शिवकलिया सेन दोनों पता1ः ग्राम सवैचा पोस्ट सिहावल, तहसील सिहावल सीधी, मध्य प्रदेश - 486670, भारत। पता 2 : खसरा नं. 290, ग्राम सवैचा, तह-सिहावल, जिला. सीधी MP, मध्य प्रदेश-486111, भारत। | 16.03.2026 और रू. 310632/- 13.03.2026 तक | संपत्ति का वह भाग और हिस्सा संपत्ति का पताः खसरा संख्या 290, ग्राम सवैचा, तह-सिहावल, जिला सीधी, मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश- 486111, भारत। |

**दिनांक - 31.03.2026,**
**स्थान - सतना**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**


# प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने कविता पाठ से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

## एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ . अंबेडकर स्टेडियम में काव्य पाठ का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 30 मार्च। एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में एक यादगार काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध युग कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

उनके साथ कवि तेज नारायण बैचेन एवं साक्षी तिवारी ने भी अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

इस गरिमामय अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा, सांसद डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं के प्रमुख संदीप नायक सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8 बजे हुआ और यह रात्रि 10:30 बजे तक चला। इस दौरान एनटीपीसी एवं अन्य आसपास के विशिष्ट व्यक्तियों सहित लगभग हजारों श्रोता एवं दर्शक मौजूद रहे। काव्य पाठ कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने कवियों के काव्य पाठ का आनंद लिया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को हिंदी साहित्य और काव्य की महत्ता से अवगत कराया और उनके बीच एक सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया। एनटीपीसी विंध्याचल इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और आसपास के समुदाय के बीच हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99